भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2796

05 अगस्त, 2026 के लिए प्रश्न

नए इस्पात साइलो

2796. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का गुजरात में विशेषकर दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में खाद्यान्नों के भंडारण के लिए नए इस्पात साइलो का निर्माण करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ किन स्थानों की पहचान की गई है और प्रत्येक साइलो के लिए प्रस्तावित भंडारण क्षमता कितनी है;

(ग) उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इन नए साइलो का निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(घ) इस प्रयोजनार्थ आवंटित और स्वीकृत कुल निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क) से (ग): गुजरात राज्य में, 05 स्थानों पर 2.00 लाख टन की कुल क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया गया है। 2 स्थानों पर 1.00 लाख टन की क्षमता वाले साइलो निर्माणाधीन हैं। इसके अतिरिक्त, 7 स्थानों पर 3.625 लाख टन क्षमता के लिए निविदाएं आवंटित की जा चुकी हैं। स्थानवार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

भंडारण की कमी, खपत की आवश्यकताओं और प्रचालन मापदंडों के आकलन के आधार पर साइलो निर्माण के लिए स्थानों का चयन किया गया है। वर्तमान में, दाहोद लोकसभा क्षेत्र में साइलो निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): देश में साइलो परियोजनाएं पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मोड में बनाई जाती हैं। साइलो के निर्माण के लिए निधियां निजी पक्षों द्वारा वहन की जाती है।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा मे दिनांक 05.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2796 के भाग (क) से (ग) के उत्तर मे उल्लिखित अनुबंध

क्र. सं	राज्य	स्थान	क्षमता (लाख टन में)	मोड वीजीएफ/ गैर-वीजीएफ	पूर्ण होने की तिथि
1	गुजरात	अहमदाबाद (भंकोड़ा)	0.50	गैर-वीजीएफ	06.05.2021
2		बड़ौदा (कायवरोहरन)	0.50	गैर-वीजीएफ	10.05.2024
3		अमरेली (लिलिया)	0.50	गैर-वीजीएफ	13.10.2023
4		एफएसडी वधवन	0.25	स्पॉक	07.04.2026
5		एफएसडी वाकानेर	0.25	स्पॉक	07.04.2026
		निर्माणाधीन			
6		एफएसडी	0.375		अगस्त 2026
		गांधीधाम		हब	
7		बनासकांठा	62,500	स्पॉक	सितंबर 2026
		आवंटित निविदा			
8		मेहसाणा	50,000	स्पॉक	क्र.सं. 8 से 11 के लिए निविदा दिनांक 27.11.2025 को और क्र.सं. 12 से 14 के लिए दिनांक 17.11.2025 को आवंटित की गई थी। सामान्य परिस्थितियों में निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 810 दिनों का निर्माण समय दिया जाता है।
9		भरूच	37,500	स्पॉक	
10		आणंद	75,000	स्पॉक	
11		नर्मदा	25,000	स्पॉक	
12		सूरत	1,00,000	स्पॉक	
13		वलसाड	37,500	स्पॉक	
14		नवसारी	37,500	स्पॉक	

*****